**वार्षिक आकलन मार्च - 2024**

**कक्षा - तीसरी**

**विषय - हिंदी**

**दिनांक__________** **कुल अंक: 25**

---


**निर्देश: (1) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।**

**(2) प्रश्न संख्या 1 से 4 (मौखिक भाषा विकास तथा पठन) शिक्षक द्वारा बच्चे से मौखिक रूप से पूछने हैं |**

---

# शिक्षक के लिए

**प्रश्न 1: चित्र-कथा को देखकर चित्रों के क्रमानुसार लगभग 10 वाक्यों में शिक्षक को कहानी सुनाइए | (मौखिक) अंक-5**



**प्रश्न 2: शिक्षक बच्चों को निम्नलिखित अधूरी कहानी सुनाकर बच्चों से कहानी में नये 4-5 वाक्य जोड़कर कहानी पूरा करने को कहें | अंक-5**


जोरदार बारिश हो रही थी| चारों तरफ पानी ही पानी था| राजू अभी तक स्कूल से घर नहीं पहुंचा था| स्कूल की छुट्टी हो चुकी थी| राजू के पापा-मम्मी को चिंता हो रही थी| -----------------------------------

**प्रश्न 3 शिक्षक बच्चे को एक-एक करके दिए गए शब्दों को पढ़ने के लिए कहें | (प्रत्येक सही पढ़े शब्द के लिए 1 अंक) अंक-10**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कर्म | ज्ञान | व्यापार | रेगिस्तान | चश्मा |
| मुश्किल | ग्राहक | प्रारम्भ | पृथ्वी | त्रिभुज |

specimen-only for practice

**प्रश्न 4: दिए गए निर्देश/सूचनाएं पढ़कर प्रश्नों के जवाब मौखिक रूप से शिक्षक को बताएं | (प्रत्येक सही जवाब 1 अंक) अंक-5**

| | |
|---|---|
|   | सावधानी से चलने की सलाह क्यों दी जा रही है? |
|   | बस की सीट पर “महिला सीट” क्यों लिखा रहता है? |
|   | घनी आबादी क्षेत्र के लिए क्या सलाह दी गई है ? |
|   | “जल है तो कल है” का क्या मतलब है ? |
|   | ज़ेबरा क्रॉसिंग का क्या मतलब है ? |

specimen only for practice

# प्रश्न जांचने के लिए मापदंड:

**प्रश्न 6: शिक्षक मौखिक रूप से कहानी (महक-3, पृष्ट-120) सुनाएँ या पढ़ने को दें | बच्चे उस कहानी को 5-7 वाक्यों में अपने शब्दों में लिखें |** **अंक-10**

नोट: शिक्षक सभी बच्चों को एक साथ कहानी सुना सकते हैं |

- अगर बच्चा कहानी को 5-7 वाक्यों में अपने शब्दों में व्यवस्थित रूप से लिख पाता है | हाँ (अंक-10)
- अगर बच्चा कहानी को थोड़ा अव्यवस्थित या 3-4 वाक्यों में ही लिख पाता है | आंशिक (अंक-5)
- अगर बच्चा 1-2 वाक्य या कुछ नहीं लिखता है | नहीं (अंक-0)

**प्रश्न 9 : शिक्षक बच्चों से मेला/यात्रा के बारे पांच वाक्य लिखने के लिए कहें|** **अंक-5**

स्कोरिंग मापदंड: प्रत्येक सही और व्यवस्थित वाक्य लिखने के लिए 1 अंक है |

specimen- only for practice

**वार्षिक आकलन मार्च - 2024**

**कक्षा - तीसरी**

**विषय - हिंदी**

**विद्यार्थी का नाम________________________** **अनुक्रमांक __________**

**दिनांक__________** **कुल अंक: 55**

---

**निर्देश: (1) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।**

**(2) प्रश्न संख्या 5 से 10 के जवाब बच्चे को प्रश्न-पत्र में ही देने हैं |**

---

# विद्यार्थी के लिए

**प्रश्न 5: भाग-अ**

**शिक्षक को कहानी पढ़कर सुनाएँ |** (उतार-चढ़ाव, शुद्धता, प्रवाह और आत्मविश्वास से पठन - 5 अंक) **अंक-5**

माली के पास एक बाग था। वह मेला देखने जाना चाहता था। लेकिन उसके पीछे पेड़ों में पानी कौन देगा?- यह एक समस्या थी। बाग के पास ही बंदरों की एक टोली रहती थी। माली बंदरों के सरदार के पास जाकर बोला, आपसे मुझे एक मदद की आवश्यकता है। उसने अपनी समस्या सरदार को बता दी। सरदार ने उसकी मदद के लिए 'हाँ' कर दी। सरदार ने बंदरों को पानी देने के लिए बाग में भेजा। बंदर पेड़ों में पानी देने तो गए लेकिन उन्हें यह समझ ही नहीं आया कि किस पेड़ को कितना पानी दिया जाए। उन्होंने सरदार से पूछा, ये कैसे पता चलेगा कि किस पेड़ को कितना पानी दिया जाए?

सरदार ने कहा, जिस पेड़ की जड़ ज्यादा लंबी है, उसको ज्यादा पानी और जिस पेड़ की जड़ छोटी, उसको कम पानी। सभी बंदरों को यह बात समझ आ गई। बंदर वापस बाग में चले आए। कोई बंदर पेड़ उखाड़ता तो कोई उसकी जड़ को नापता तो कोई पानी दे रहा होता। इस तरह बंदरों ने सभी पेड़ों को उखाड़ दिया और बाग में पानी भर दिया। जब माली वापस आया तो वह बाग को देखकर हक्का-बक्का रह गया।

specimen - only for practice

**प्रश्न 5: भाग-ब:**

**कहानी पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखें | (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)** **अंक-5**

1. माली कहाँ जाना चाहता था और उसने किससे मदद मांगी ?

उत्तर:------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

2. सरदार ने पेड़ों में पानी देने का क्या तरीका बताया ?

उत्तर:------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

3. माली हक्का-बक्का क्यों रह गया था ?

उत्तर:------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

4. बंदरों को क्या समझ नहीं आया था ?

उत्तर:------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

5. "जिस पेड़ की जड़ ज्यादा लंबी है, उसको ज्यादा पानी और जिस पेड़ की जड़ छोटी है, उसको कम पानी |" बंदरों का सरदार इस बात से बंदरों को क्या समझाना चाहता होगा? स्पष्ट कीजिये |

उत्तर:------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

specimen- only for practice

**प्रश्न 6: शिक्षक मौखिक रूप से कहानी "महक-3, पृष्ट-120" सुनाए या पढ़ने को दे | बच्चे उस कहानी को 5-7 वाक्यों में अपने शब्दों में लिखें |** **अंक-10**

1.--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

2.--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

3.--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

4. --------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

5.--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

6.--------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

7. --------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 7: भाग-अ:**

**दिए गए वाक्यों को पढ़कर प्रत्येक वाक्य से संज्ञा और विशेषण को छांटकर लिखें |** **अंक-5+5=10**

| वाक्य | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| यह लाल गुलाब है । | | |
| यह आम मीठा है | | | |
| इमली खट्टी होती है | | | |
| कौआ काला है | | | |
| यह पेड़ बड़ा है । | | |

specimen- only for practice

**प्रश्न 7: भाग-ब:**

**मुहावरे पढ़कर प्रत्येक मुहावरे का अर्थ लिखें और वाक्य में प्रयोग कर लिखें |** **अंक-2+2=4**

| **मुहावरा** | **अर्थ** |
|---|---|
| "नौ दो ग्यारह होना" | ---------------------------------------------------------------- |

वाक्य में प्रयोग: ----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

| **मुहावरा** | **अर्थ** |
|---|---|
| "दांत खट्टे करना" | ---------------------------------------------------------------- |

वाक्य में प्रयोग: ----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 8: भाग-अ:**

**दिए गए शब्द पढ़कर प्रत्येक शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द तालिका में लिखें |** **अंक-3+3=6**

| शब्द | पर्यायवाची शब्द 1 | पर्यायवाची शब्द 2 |
|---|---|---|
| आग | | |
| पानी | | |
| हवा | | |

specimen- only for practice

**प्रश्न 8: भाग-ब:**

**दिए गए वाक्यांश को पढ़कर, उनके लिए एक शब्द सोचकर लिखें |** **अंक-1+1=2**

| वाक्यांश | शब्द |
|---|---|
| मरीजों का इलाज करने वाला | | |
| मिट्टी के बर्तन बनाने वाला | | |

**प्रश्न 9: किसी मेले या अपनी यात्रा के अनुभव के बारे में पांच वाक्य लिखें |** **अंक-5**

1. ------------------------------------------------------------
2. ------------------------------------------------------------
3. ------------------------------------------------------------
4. ------------------------------------------------------------
5. ------------------------------------------------------------

**प्रश्न 10: वाक्यों को पढ़कर प्रत्येक वाक्य में जरूरी दो विराम चिन्ह लगाएं |** **अंक-2x4=8**

1. पायल स्कूल के लिए जल्दी जल्दी तैयार हुई
2. मम्मी ने पूछा पायल खाना खा लिया क्या
3. हाँ मम्मी मैंने खाना खा लिया
4. ठीक है अब मैं स्कूल जा रही हूँ

Specimen- only for practice